**Series SOS**

Code No. **62**
कोड नं.

Roll No.
रोल नं.

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- Please check that this question paper contains **6** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **25** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **6** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **25** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# SOCIOLOGY

# समाजशास्त्र

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

***General Instructions :***

(i) *There are **25** questions in all.*

(ii) ***All** questions are compulsory.*

(iii) *Questions No. **1 – 14** are of **2** marks each, and are to be answered in about **30** words.*

(iv) *Questions No. **15 – 21** are of **4** marks each, to be answered in about **80** words.*

(v) *Questions No. **22 – 24** are of **6** marks each, to be answered in about **200** words.*

(vi) *Question No. **25** carries **6** marks and is to be answered based on the passage given.*

(vii) *Answers should be precise and to the point.*

***सामान्य निर्देश :***

(i) *प्रश्न-पत्र में कुल **25** प्रश्न हैं ।*

(ii) ***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(iii) *प्रश्न संख्या **1 – 14** तक **दो-दो** अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **30** शब्दों में दीजिए ।*

(iv) *प्रश्न संख्या **15 – 21** तक **चार-चार** अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **80** शब्दों में दीजिए ।*

(v) *प्रश्न संख्या **22 – 24** तक **छह-छह** अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **200** शब्दों में दीजिए ।*

(vi) *प्रश्न संख्या **25** के लिए **छह** अंक निर्धारित हैं और उसका उत्तर दिए हुए अनुच्छेद के आधार पर देना है ।*

(vii) *आपके उत्तर सुनिश्चित तथा प्रश्न के अनुकूल होने चाहिए ।*

**1.** What is meant by corporate culture ? *2*

कॉर्पोरेट संस्कृति किसे कहा जाता है ?

**2.** What was the central issue behind Tebhaga movement ? *2*

तेभागा आंदोलन के पीछे केंद्रीय विषय क्या था ?

**3.** Highlight the features of Ascriptive Identity. *2*

आरोपित पहचान की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

**4.** What do you understand by the term 'social structure' ? *2*

'सामाजिक संरचना' से आप क्या समझते हैं ?

5. Define the term Globalisation. 2

भूमंडलीकरण शब्द को परिभाषित कीजिए ।

6. Distinguish between social change and social movement. 2

सामाजिक परिवर्तन और सामाजिक आंदोलन में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

7. What are the features of an unorganized sector ? 2

असंगठित क्षेत्र की क्या विशेषताएँ होती हैं ?

8. Mention two factors that encourage regionalism. 2

क्षेत्रीयता को बढ़ावा देने वाले दो कारकों का उल्लेख कीजिए ।

9. What is Jajmani system ? 2

जजमानी प्रथा क्या है ?

10. Write two features of Transnational Corporations. 2

अंतर्राष्ट्रीय निगमों के दो लक्षण लिखिए ।

11. Name two associations formed by industrialists. 2

उद्योगपतियों द्वारा गठित दो संगठनों के नाम लिखिए ।

12. What does social exclusion refer to ? 2

सामाजिक वर्जन (एक्सक्लूज़न) से क्या आशय है ?

13. What is a proprietary caste group ? 2

स्वामित्व वाला जाति समूह किसे कहा जाता है ?

14. Give two examples of Dalit movements. 2

दलित आंदोलनों के दो उदाहरण दीजिए ।

15. Under an Industrial System, how can production be increased ? 4

**OR**

Highlight the condition of migrant workers in industries by giving suitable examples.

औद्योगिक प्रणाली के अंतर्गत, उत्पादन कैसे बढ़ाया जा सकता है ?

**अथवा**

उपयुक्त उदाहरण देते हुए उद्योगों में प्रवासी कामगारों की स्थिति पर प्रकाश डालिए ।

16. Define westernization. Describe some of its forms. 4

पश्चिमीकरण को परिभाषित कीजिए । इसके कुछ स्वरूपों का वर्णन कीजिए ।

17. What is meant by communalism in the Indian context ? Why has it been a recurrent source of tension and violence ? 4

भारतीय संदर्भ में सांप्रदायिकता का क्या अर्थ है ? यह तनाव और हिंसा का आवर्ती स्रोत क्यों बन गया है ?

18. Highlight the role of Colonialism in the emergence of new business communities, with the help of any one example. 4

नवीन व्यापारिक समुदायों के उद्भव में उपनिवेशवाद की भूमिका पर कोई एक उदाहरण देते हुए प्रकाश डालिए ।

19. What transformations took place in the rural society in post Independent India ? 4

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत के ग्रामीण समाज में क्या परिवर्तन आए ?

20. Who wrote 'Stree Purush Tulana' ? What does it explain ? 4

**OR**

Compare and contrast the socio-economic conditions of tribals before and after Independence.

'स्त्री पुरुष तुलना' किसने लिखी ? यह क्या स्पष्ट करती है ?

**अथवा**

स्वतंत्रता से पूर्व और स्वतंत्रता के बाद आदिवासियों की सामाजिक-आर्थिक दशाओं में तुलना कीजिए ।

21. What powers and responsibilities have been delegated to the Panchayats ? 4

पंचायतों को क्या शक्तियाँ और उत्तरदायित्व सौंपे गए हैं ?

22. Highlight the sources of conflict between national development and tribal development. 6

**OR**

Summarize the major changes in the institution of caste during the colonial period.

राष्ट्रीय विकास और आदिवासी विकास में टकराव के स्रोतों पर प्रकाश डालिए ।

**अथवा**

औपनिवेशिक युग में जाति-संस्था में आए प्रमुख बदलावों का संक्षेप में वर्णन कीजिए ।

23. If capitalism became the dominant economic system in the colonial period, nation-states became the dominant political form. Explain how this process took place. 6

औपनिवेशिक युग में यदि पूँजीवाद प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गई, तो राष्ट्र-राज्य प्रमुख राजनैतिक स्वरूप बन गए । यह प्रक्रिया कैसे घटित हुई, स्पष्ट कीजिए ।

24. Describe the changes that have been happening in the medium of television. 6

टेलीविज़न माध्यम में हो रहे परिवर्तनों का वर्णन कीजिए ।

25. Read the following passage and answer the questions below :

Surprise ! Punjab, Bengal lead in curbing birth rate silently, and without much sarkari fanfare, dramatic changes are taking place in the population indicators of some states that you won't see reflected in country level data. Crude birth rate dipped from 26·4 to 22·8 for the whole country between 1998 and 2008. That's a 14% decline. But in eight major states, the decline was much more. In Punjab, the birth rate fell by a whopping 23%, followed by Kerala and Maharashtra (both 20%) and West Bengal (18%).

Countrywide, the crude death rate, came down by 18% in a decade. Again there were surprises in the toppers' list. Both Madhya Pradesh and Rajasthan saw a 23% dip in death rates, closely followed by Bihar (22%) and U.P. (20%).

These astonishing figures are computed from the annual Sample Registration System survey done by the Government's Census office for the years 1998 and 2008, the latest available, covering a sample of 7.1 million people spread across the country.

There has been a significant decline in the infant mortality rate in India from 72 in 1998 to 53 in 2008. Although the figure is still shocking, at least there has been a decline of 26% over the past decade.

*(Times of India, New Delhi, July 26, 2010)*

(i) What is crude birth rate and natural growth rate of population ? 2

(ii) Name the states with maximum amount of decline in birth rate and in death rate. What does the fall in death rate and birth rate indicate ? 4

निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

आश्चर्य है ! पंजाब और बंगाल चुपचाप जन्म दर कम करने में अग्रणी हैं, और बिना सरकारी धूमधाम के कुछ राज्यों के जनसंख्या संकेतकों में नाटकीय परिवर्तन हो रहे हैं जिन्हें आप देश-स्तर के आँकड़ों में नहीं देख पाएँगे । 1998 और 2008 के बीच सारे देश में अशोधित जन्म दर 26·4 से 22·8 तक नीचे गिर गई । यह गिरावट 14% है । किन्तु आठ प्रमुख राज्यों में यह गिरावट इससे बहुत अधिक थी । पंजाब में जन्म दर आश्चर्यजनक रूप से 23% तक गिर गई । इसके बाद केरल और महाराष्ट्र (दोनों 20%) एवं पश्चिमी बंगाल (18%) हैं ।

देशभर में अशोधित मृत्यु दर एक दशक में 18% तक गिर गई । सर्वोत्तमों की सूची में पुनः कुछ आश्चर्य थे । मध्य प्रदेश और राजस्थान दोनों में मृत्यु दर में 23% की कमी आई, इसके थोड़े ही पीछे रहे बिहार (22%) और उत्तर प्रदेश (20%) ।

इन आश्चर्यजनक आँकड़ों की गणना सरकार के जनगणना कार्यालय द्वारा 1998 और 2008 वर्षों के लिए किए गए वार्षिक प्रतिदर्श रजिस्ट्रीकरण प्रणाली के सर्वेक्षण के आधार पर की गई है जो नवीनतम उपलब्ध हैं और जिसमें देशभर में फैले 7·1 लाख लोग आते हैं ।

भारत में शिशु मृत्यु दर में भी महत्त्वपूर्ण गिरावट आई है जो 1998 में 72 से 2008 में 53 हो गई । यद्यपि यह संख्या अभी भी दहलाने वाली है, फिर भी कम-से-कम पिछले दशक में 26% की गिरावट तो आई है ।

*(टाइम्स ऑफ इंडिया, नई दिल्ली, जुलाई 26, 2010)*

(i) जनसंख्या की अशोधित जन्म दर और सहज संवृद्धि दर क्या है ?

(ii) उन राज्यों के नाम लिखिए जिनमें जन्म दर और मृत्यु दर में कमी अधिकतम है । जन्म दर और मृत्यु दर में गिरावट क्या संकेतित करती है ?